# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट- थाना राजेपुर

## दिनांक - 15.07.2025

**सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर थाना राजेपुर पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को 01 तमंचा 315 बोर सहित किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी अमृतपुर श्री अजय वर्मा के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना राजेपुर पुलिस द्वारा सोशल मीड़िया प्लेटफार्म पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर अभियुक्त विनय चौहान पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम वीरसिंहपुर थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ़ को 01 तमंचा 315 बोर सहित गिरफ्तार कर बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0स0 90/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -**

1. विनय चौहान पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम वीरसिंहपुर थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ़।

**घटना का विवरण -** दिनांक 14.07.2025 को सोशल मीडिया प्लेटफोर्म पर वायरल वीडियो में एक व्यक्ति व छोटे बच्चे को तमंचे के साथ खेलते देखा गया, वीडियो का संज्ञान लेकर जानकारी की गयी तो वायरल वीडियों में विनय चौहान पुत्र जितेन्द्र सिंह नि0 ग्राम वीरसिंहपुर थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ़ का होना पाया गया । थाना राजेपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त विनय चौहान पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम वीरसिंहपुर थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ़ को 01 तमंचा 315 बोर सहित गिरफ्तार कर बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 90/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**बरामदगी का विवरण -**

1. 01 तमंचा 315 बोर ।

**पूछताछ का विवरण -**

अभियुक्त विनय चौहान उपरोक्त ने पूछताकर करने पर बताया कि वीडियो में दिख रहा तमंचा मेरा ही है, तथा अपनी गलती की माफी माँगते हुए अपनी सफाई अपने वकील के माध्यम से माननीय न्यायालय में देना बताया।

**अभियुक्त विनय चौहान उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –**

1. मु0अ0स0 90/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना राजेपुर, जनपद फतेहगढ़।

**गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली थाना राजेपुर टीम -**

1. उ0नि0 श्री आशुतोष सिंह
2. उ0नि0 श्री रामनरेश
3. मुख्य आरक्षी सुबोध कुमार
4. आरक्षी अमित कुमार

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**